<u>भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर में 15 सितंबर, 2024 को स्वच्छता ही सेवा अभियान–2024 की शुरुआत</u>

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर में 15 सितंबर, 2024 को स्वच्छता ही सेवा अभियान–2024 की शुरुआत हुई। यह अभियान 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर आधारित है। संस्थान के निदेशक डॉअनुप दास ने संस्थान के सभी कर्मचारियों को . स्वच्छता की शपथ दिलाई। डॉ दास ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता अपने व्यवहार में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने घरों, मुहल्लों, कार्यस्थलों आदि को स्वच्छ रखना चाहिए। दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने इस अभियान की भव्य सफलता के लिए आह्वान किया।